लोक सभा अध्यक्ष ने प्राइड ऑफ द नेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2021 के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित किया

...

भारतीय समाज ने हर कार्य में नारी को अग्रिम रखा है: लोक सभा अध्यक्ष

...

इस देश की महिलाओं ने अपने सामर्थ्य से देश का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाया है: लोक सभा अध्यक्ष

...

आज देश का कोई क्षेत्र नहीं है जहाँ महिलाओ ने नेतृत्व नहीं किया हो: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने प्राइड ऑफ द नेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2021 के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित किया

...

भारतीय समाज ने हर कार्य में नारी को अग्रिम रखा है: लोक सभा अध्यक्ष

...

इस देश की महिलाओं ने अपने सामर्थ्य से देश का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाया है: लोक सभा अध्यक्ष

...

आज देश का कोई क्षेत्र नहीं है जहाँ महिलाओ ने नेतृत्व नहीं किया हो: लोक सभा अध्यक्ष

...

नई दिल्ली, 07 मार्च, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में रेस्पेक्ट इंडिया संस्थान द्वारा आयोजित प्राइड ऑफ द नेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2021 के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित किया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के उप राज्यपाल श्री मनोज सिन्हा तथा लोक सभा सांसद श्री मनोज तिवारी ने भी भाग लिया।

अपने संबोधन के आरंभ में श्री बिरला ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी, इस अवसर पर उन्होंने कहा की भारतीय समाज ने हर कार्य में नारी को अग्रिम रखा है, उन्होंने आगे कहा की हमारी संस्कृति व् संस्कार ने नारी को सिर्फ सम्मान ही नहीं दिया परन्तु व्यापक अधिकार भी दिए हैं। महिलाओं के योगदान का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि इस देश की महिलाओं ने अपने सामर्थ्य से देश का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाया है।

श्री बिरला ने देश और समाज की प्रगति के विषय में कहा की लोकतंत्र की यात्रा में राजनितिक, सामाजिक, और आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता और लगन से समाज, प्रगति की ओर बढ़ा हैं। उन्होंने आगे कहा की आज देश का कोई क्षेत्र नहीं है जहाँ महिलाओ ने नेतृत्व नहीं किया हो। देश की संवैधानिक यात्रा का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा की, ये हमारा सशक्त लोक तंत्र ही है जहां राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, मुख्य मंत्री आदि हर पद पर महिलाओं ने नेतृत्व किया है। आधारभूत लोकतंत्र के विषय में श्री बिरला ने कहा की आज देश ग्राम पंचायत

स्तर में सबसे ज़्यादा सरपंच महिलाएं हैं। उन्होंने आगे कहा की वर्त्तमान 17वीं लोक सभा में इतिहास में सबसे ज्यादा महिला सांसद है।

समाज में महिलओं के योगदान के विषय में श्री बिरला ने कहा की महिलाओं ने समाज का मार्गदर्शन करने का कार्य किया है तथा सम्पूर्ण समाज को संकल्पित होकर महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य करना होगा। उन्होंने परिवार और घर के प्रति महिलओं के योगदान के विषय में कहा कि बेटियाँ ही होती हैं जो दो परिवारों को संभालने का कार्य करती हैं, और ये सामर्थ्य और शक्ति केवल भारतीय नारी में है।